दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शुक्रवार 12 नवंबर 2021
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेसर्स पल्स गोल्ड रियल स्टेट की संपत्ति कुर्क

» 17 नवम्बर तक राशि जमा नहीं करने पर होगी नीलामी

**रायगढ़।** मेसर्स पल्स गोल्ड रियल स्टेट इंडिया लिमिटेड बिलासपुर निवासी पर 11 लाख 40 हजार 2 रुपये की वसूली हेतु कुर्क दिया गया है। न्यायालय नायब तहसीलदार खरसिया, रायगढ़ ने बताया कि यदि इसमें बिक्री के लिए निर्धारित तारीख के पहले शोध्य रकम की अदायगी नहीं कर दिया जाता है तो खाते/खातों का विक्रय स्थान तहसील खरसिया पर 17 नवम्बर 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे अथवा उस समय के लगभग उन पर आरोपित संपूर्ण भारों से एवं उनके संबंध में किए गए समस्त अनुदानों तथा संविदाओं से मुक्त रूप से नीलाम द्वारा कर दिया जाएगा। जिसके तहत ग्राम-नौरंगपुर में कुल 2.364 क्षेत्रफल हेक्टयर भूमि है। जिनमें खाता अंक/खसरा नंबर 174 में 0.555 हेक्टेयर भूमि में परसा, फरहद, चार, तेन्दू, नीम, गस्ती, सेम्हर, बांस, महुआ, सेन्हा, बीजा, बैहरा, धनबहेर के कुल 13 वृक्ष है, जिसकी कीमत 35066 रुपये है। इसी तरह खाता अंक/खसरा नंबर 176 में 0.332 हेक्टेयर भूमि में महुआ, चार, साजा व परसा के कुल 15 वृक्ष है, जिसकी कीमत 55358 रुपये है। खाता अंक/खसरा नंबर 177 में 0.454 हेक्टेयर भूमि में नीम, चार, परसा एवं साजा के कुल 6 वृक्ष है, जिसकी कीमत 8219 रुपये है। खाता अंक/खसरा नंबर 178 में 1.023 हेक्टेयर भूमि में बीजा, नीम, चार, परसा, साजा, धनबहेर, धवरा, कुमही, महुआ, रोहिना, बांस भीरा, केकट, मुढही, खीरसाली, धीरहा के कुल 134 वृक्ष है, जिसकी कीमत 01 लाख 6 हजार 173 रुपये है। जिनकी वृक्ष सहित जमीन की कुल कीमत 29 लाख 50 हजार रुपये है।

### डिप्टी कलेक्टर वेरनादत्त एक्का बनाई गई आंतरिक शिकायत समिति की सदस्य

**रायगढ़।** कार्यालय कलेक्टर राजस्व स्थापना अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। जिसमें से डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे का अन्यत्र जिला में स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ श्रीमती वेरनादत्त एक्का को आंतरिक शिकायत समिति के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

### इंद्रावती एरिया कमेटी का एक सक्रिय नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटु के तहत इंद्रावती एरिया कमेटी अंतर्गत सक्रिय 01 नक्सली मिलीशिया सदस्य धनारू नेताम ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों व थानों में सक्रिय नक्सलियों के नाम चस्पा कर लोन वर्राटु अभियान के तहत घर वापसी करने का संदेश दिया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप कई बड़े नक्सली लीडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं, इसी कड़ी में आज इंद्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय मिलीशिया सदस्य धनारू नेताम ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। लोन वर्राटु अभियान के तहत अब तक 117 इनामी नक्सली सहित कुल 454 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

# कुपोषण मुक्ति के लिए सेक्टरवार योजना बनाकर करें काम-कलेक्टर

» माहवारी स्वच्छता के लिए महिलाओं को जागरूक करने के दिए निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने विभागीय कार्यो की योजनावार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेक्टरवार कुपोषण में आयी कमी की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ सेक्टरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जिससे प्रेरणा लेकर अन्य सेक्टरों में भी प्रदर्शन सुधार आया है। उन्होंने कुपोषण की दिशा में बेहतर एवं गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके लिए सेक्टरवार योजना तैयार करते हुए सुपरवाईजर्स को काम करना है, जिसकी विभागीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने रेडी टू ईट तैयार करने वाले जिन स्व-सहायता समूह द्वारा ठीक से काम नहीं किया जा रहा है, उनको तत्काल हटाने के लिए कहा।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में इस वर्ष जुलाई से अक्टूबर माह तक कुपोषण मुक्ति की समीक्षा करते हुए अद्यतन जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आगामी दिनों में और बेहतर प्रगति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है जिसका अच्छे से अच्छा क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर होना चाहिए। जिन सेक्टर में गंभीरता से कार्य नहीं होगा वहां के सेक्टर सुपरवाइजर पर कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने धरमजयगढ़ एवं पुसौर में कुपोषण मुक्त की दिशा किये गए कार्यो की प्रशांसा की। इस दौरान उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले मुनुंद, कुड़ेकेला, सिसरिंगा, मदनपुर, बोरो, गेरसा, तेतला, रेंगालपाली, झगरपुर, बीरसिंघा सेक्टर के बेहतर प्रदर्शन के कारणों को साझा करने को कहा। इसके साथ ही दरोगापारा, डोंगरीपाली, गोडम, जोगनीपाली, कयाघाट, कापू सरिया, बरमकेला सरिया, धौराभांठा, चक्रधर नगर तथा सराईडीपा सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारणों की समीक्षा करने के साथ ही प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुपोषण से बाहर आए बच्चों के अलावा सामान्य बच्चों की भी पूरी देखभाल किया जाए ताकि उनका स्वास्थ्य और बेहतर किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सुपोषण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने सभी सुपरवाईजर को निर्देश दिया की सभी प्रकार की लेखा-जोखा को पूर्ण रखा जाए।

इस दौरान उन्होंने रागी लड्डू की वितरण की स्थिति एवं रागी की उपलब्धता की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में सात ट्रायबल परियोजनाओं में रागी की लड्डू का वितरण सप्ताह में दो बार दिया जा रहा है। इसके साथ ही आगामी दिनों के लिए रागी उपलब्ध है। इस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि वर्तमान में स्थानीय स्तर पर रागी का प्रोडक्शन अच्छा है इसलिए स्थानीय स्तर पर रागी की खरीदी की जाए। कलेक्टर सिंह ने महतारी जतन योजनांतर्गत रेडी-टू-ईट एवं गर्म भोजन से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने हितग्राहियों के प्रतिशत में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पहले से ट्रेस करें। उनका स्वास्थ्य कैसा है इसकी जानकारी रखें ताकि उनको पोषक आहार प्रदान कर बच्चे के कुपोषित होने से बचाया जा सके। धरमजयगढ़ परियोजना में हितग्राहियों की बेहतर संख्या पर कलेक्टर सिह ने सेक्टर सुपरवाइजर कर कार्य करने की तरीके को साझा करने को कहा। जिस पर सेक्टर सुपरवाईजर ने बताया कि वैक्सीनेशन के दौरान ही गर्भवती महिलाओं को इसकी जानकारी एवं जागरूक के फलस्वरूप महिलाओं ने रूचि दिखाई है। कलेक्टर सिंह ने कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय की नियमित भुगतान की भी जानकारी ली। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि सभी को नियमित भुगतान किया जा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों मे कार्यकताओं एवं सहायिकाओं की कमी की जानकारी ली।

बैठक में महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, समस्त सीडीपीओ, सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

**बच्चों की जरूरी दवाओं की बनाकर रखें लिस्ट-** कलेक्टर सिंह बाल मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना से लाभांवित बच्चों की संख्या एवं एनआरसी में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी सेक्टर सुपरवाईजर को निर्देशित किया कि जिन दवाईयों की आवश्यकता होती है, उन दवाईयों का लिस्ट बनाया जाए। ताकि आवश्यकता पड़ने पर सीधे वे उसकी खरीदी कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाई लिखने के लिए निर्देशित किया जाए। कलेक्टर सिंह ने सेक्टर सुपरवाईजर से कहा कि जो दवाईयों बाहर से लेना होता है, उसे धन्वंतरी दवाई दुकान से खरीदी की जाए ताकि इन दुकानों में अतिरिक्त छूट के कारण उक्त मूल्य में अधिक से अधिक दवाई खरीदी की जा सकती है। उन्होंने सीएमएचओ से नए एनआरसी प्रारंभ करने के लिए जगह चिन्हाकित करने के निर्देश दिए। जिससे नए एनआरसी जल्द प्रारंभ किया जा सके।

## मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना का लाभ लेने 30 नवम्बर तक कर सकते है आवेदन

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से 30 नवम्बर2021 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन, नक्सल प्रभावित एवं सेवानिवृत्त सैनिको को आयु सीमा में 5 वर्ष छूट की पात्रता होगी। आवेदक को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में दो प्रतियों में जमा करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत, निर्माण एवं उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख रुपए है। इसके लिए आवेदक को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा तथा नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुए है वह इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## शासकीय नजूल रिक्त भूमि की नीलामी 15 नवम्बर को

**रायगढ़।** रायगढ़ में स्थित शासकीय/नजूल रिक्त भूमि की खुली नीलामी 15 नवम्बर 2021 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन नजूल अधिकारी, जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष में निर्धारित राशि की डिमांड ड्राफ्ट सहित अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2021 को प्रातः 11 बजे तक जमा कर सकते है।

ईडन गार्डन के सामने मोदी नगर से लगकर के विनोबा नगर रायगढ़ में प्लाट नंबर 312/1, 313/1 में 11,194 वर्गफुट भूमि के लिए 70 लाख 61 हजार 600 रुपये, जेलपारा-नजूल सीट क्रमांक 59, प्लाट नंबर 29/1 में रकबा 1224 वर्गफुट भूमि के लिए 4 लाख 93 हजार 675 रुपये, मधुबनपारा-नजूल सीट क्रमांक 55, प्लाट नंबर 11 से रकबा 3000 वर्गफुट भूमि के लिए 13 लाख 7 हजार 619 रुपये तथा उसी जगह एक अन्य 1700 वर्गफुट भूमि के लिए 7 लाख 40 हजार 913 रुपये, मिट्ठुमुड़ा-प्लाट नंबर 30 में रकबा 4350 वर्गफुट भूमि के लिए 18 लाख 15 हजार 316 रुपये, दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे स्थित रामपुर बड़े में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 15,500 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजननार्थ के लिये 52 लाख 43 हजार 493 रुपये, दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित बड़े रामपुर में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 15,500 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये 35 लाख 52 हजार 58 रुपये, दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे खेत से लगकर दक्षिण-पूर्वी कोना पर है रामपुर बड़े में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 4500 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये 15 लाख 22 हजार 321 रुपये तथा दिनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे दक्षिण दिशा में लगकर स्थित है बड़े रामपुर में प्लाट नंबर 3/1 में रकबा 2442 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये 8 लाख 26 हजार 98 रुपये है। भूमि का नक्शा और फार्म और परिशिष्ट-2 जिसमें शासकीय भूखंड का भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन/बंटन दिया जायेगा। इच्छुक खरीददारों द्वारा नजूल शाखा कार्यालय कलेक्टर रायगढ़, आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ तथा कार्यालय तहसीलदार रायगढ़ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में नीलामी के स्थान और समय पर भी देखा जा सकेगा। आबंटन हेतु अमानत राशि जमा करने वाले आवेदकगण को ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता होगी। प्रत्येक पक्षकार की ओर से आवेदक तथा उनका अभिकर्ता सहित दो व्यक्ति नीलामी में उपस्थित हो सकेंगे।

## सामुदायिक बाड़ी योजना से जुर्डा की महिला समूह को मिला रोजगार



**रायगढ़।** राज्य शासन की महत्वपूर्ण नरवा, गरवा, घुरूवा व बाड़ी योजना से जिले की महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे है। इस योजना के तहत संबंधित विभाग गांवों में बिहान योजना से जुड़ी महिला समूहों की महिलाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से सामुदायिक बाड़ी योजना संचालित कर रही है। इससे समूह की महिलाएं उत्पादित सब्जियों को बेचकर स्वावलंबी हो रही हैं। रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जुर्डा के शारदा स्व-सहायता समूह की 10 महिलाएं आज सामुदायिक बाड़ी योजना सो लाभान्वित हो रही है।

समूह की अध्यक्ष श्रीमती तिलोत्मा पटेल ने बताया कि लगभग आधा एकड़ जमीन में शारदा स्व-सहायता समूह की 10 महिलाओं को इस योजना से जोड़कर सब्जी खेती की शुरुआत करने हेतु प्रेरित की गई। महिलाएं तैयार होने के बाद सामुदायिक बाड़ी विकास के तहत ग्राम पंचायत जुर्डा में इन्हें खेती के लिए जमीन एवं सिंचाई पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सब्जी खेती के लिए उन्हें सब्जी बीज, खाद कृषि विभाग से निःशुल्क प्राप्त हुई। वहीं मनरेगा योजना के माध्यम से समूह की बाड़ियों में जरूरत के कार्य कराए गए हैं। सामुदायिक बाड़ी विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात आजीविका संवर्धन हेतु समूह की सदस्यों ने पहली खेप में हरी सब्जियां जैसे करेला एवं मुली लगाकर लगभग 10 हजार रुपये की आमदनी कर ली है। अभी उन्होंने लौकी की फसल लगाई है। सब्जी विक्रय की प्रक्रिया अनवरत होने एवं स्थल में सभी प्रकार की सुविधा मिलने से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। समूह की सभी महिलाएं इस सफलता के लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दे रही है।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से महिला समूह के आजीविका संवर्धन के लिए ग्राम पंचायत जुर्डा को सामुदायिक बाड़ी विकास के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जिला पंचायत रायगढ़ से प्राप्त हुई। प्रशासकीय स्वीकृति पश्चात जनपद पंचायत रायगढ़ द्वारा कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत जुर्डा को दी गई। तत्पश्चात उक्त स्थान की साफ-सफाई, जोताई, बांस फैनसिंग एवं साग-सब्जी हेतु क्यारी बनाना आदि कार्य पूर्ण कर बाड़ी तैयार किया गया है। जहां आज महिलाएं अपनी उपज लेकर स्वावलंबन की ओर कदम बढ़ा रही है।

## धरमजयगढ़ में दिव्यांग बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, दिए गए सहायक उपकरण

» विशेषज्ञों ने बच्चों की थैरेपी भी करायी

**रायगढ़।** राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ (समग्र शिक्षा) द्वारा विकास खण्ड के दूरस्थ क्षत्रों से आये दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगतावार बच्चों का परीक्षण विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र कार्यालय धरमजयगढ़ में किया गया। परीक्षण में रायगढ़ से आये डॉ.खुशबू साहू फिजियोथैरेपिस्ट, कु. प्रतिभा गवेल स्पीच थैरेपिस्ट एवं सत्यप्रकाश पैंकरा बी.आर.पी.(समावेशी शिक्षा) के द्वारा 31 दिव्यांग बच्चों को उनके समस्या के आधार पर आवश्यक सुझाव एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी/स्पीच थैरेपी)कर उन्हें दैनिक जीवन में किस प्रकार अभ्यास कर उक्त समस्यों को दूर करने हेतु रिसोर्स रूम में दिव्यांग बच्चों को अभ्यास कराया गया। उनके साथ आये पालकों को भी किस प्रकार अभ्यास से बच्चों को उक्त समस्या से निदान एवं उन्हे सामान्य दैनिक गतिविधि से जुड़ने एवं अपने शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास करने में आवश्यक सुझाव प्रदान किया गया। जिला कार्यालय से प्राप्त सहायक उपकरण जैसे-श्रवण यंत्र 03, ब्लाइंड स्टीक 01, एम.आर.कीट 03, व्हील चेयर 02, वाकर 01 तथा लो विजन कीट 03, दिव्यांग बच्चों को प्रदाय किया गया।

उक्त विकास खण्ड स्तरीय कार्यशाला में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस.आर.सिदार, खण्ड समन्वयक एन.पी.बिशी, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस.आर.सारथी, बी.आर.सी.लेखापाल आर.पी.यादव, समावेशी शिक्षा प्रभारी सत्यप्रकाश पैकरा, जतिन विश्वकर्मा, निलाम्बर राठिया, जगदीश प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

## कुबेर ने गौठान के लिए दान किया पैरा

» रेगड़ा के किसान को शाल श्रीफल देकर किया गया सम्मानित



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण कार्यक्रम नरवा, गरवाए, घुरवा एवं बाड़ी के तहत गौठानो में पैरा एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। पंचायत एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को पैरा दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद पंचायत रायगढ़ अंतर्गत ग्राम रेगड़ा के प्रगतिशील किसान कुबेर डनसेना के द्वारा अपने 6 एकड़ कृषि भूमि से उत्पन्न 100 क्विंटल धान का पैरा शहरी गोठान संबलपुरी में दान किया गया। किसान कुबेर डनसेना को जनपद पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सागर सिंह राज द्वारा उन्हें शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

सामान्यतः किसानों के द्वारा धान की फसल कटाई के बाद आवश्यकता के अनुसार पैरा को रख कर शेष को जला दिया जाता है। पैरा को खेत में जलाने से आवश्यक जीवाणु नष्ट हो जाते है साथ ही यह भूमि की उर्वरता और पैदावार को भी नुकसान पहुंचता है। जिसके समाधान के लिए पंचायत एवं कृषि विभाग द्वारा पैरा का एकत्रीकरण गौठान में किया जा रहा है। जिससे पैरा जलने से खेतों को नुकसान से बचाया जा सके साथ ही मवेशियों के लिए गोठान में सुखा चारा की उपलब्धता भी सुनिश्चित किया जा सके। इसके तहत जिले के समस्त गौठानो में पैरा का एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है ।

## 193 केन्द्र में होगी परीक्षा संचालित, सभी में तैयारियां पूर्ण

**रायगढ़।** एन.सी.ई.आर.टी. दिल्ली द्वारा कल 12 नवम्बर को देश भर के चयनित तमाम शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत बच्चों की सीखने की क्षमता संबंधित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा 2021 ली जाएगी। इस परीक्षा के अंतर्गत कक्षा तीसरी, पांचवी, आठवीं एवं दसवीं के बच्चों का सीखने की क्षमता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आंकलन किया जाएगा। चयनित विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी।

केन्द्र सरकार की पहल पर कल 12 नवम्बर 2021 को देश के सभी राज्यों मे एक साथ चयनित शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के कक्षा तीसरी, पांचवीं, आठवीं और दसवीं में पढ़ने वाले बच्चों का शिक्षा गुणवत्ता एवं सीखने की क्षमता का वृहद पैमाने पर आंकलन किया जाएगा। रायगढ़ जिले के अंतर्गत कुल 193 स्कूलों का चयन किया गया है, जिसमें बरमकेला 14, धरमजयगढ़ 31, घरघोड़ा 11, खरसिया 25, लैलुंगा 14, रायगढ़ 43, सारंगढ़ 34, पुसौर 14, तमनार 07 स्कूल शामिल है। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा का मुख्य उद्देश्य सभी प्रदेशों के सरकारी, निजी, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों मे अध्ययनरत बच्चों के सीखने की क्षमता के उपलब्धि स्तर का आंकलन करना है। इसी आंकलन के आधार पर भविष्य में स्कूलों, शिक्षकों, बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों एवं जरुरतों को ध्यान में रखकर बेहतर योजनाओं का निर्धारण किया जावेगा। इसी तारतम्य में रायगढ़ जिले के अंतर्गत चयनित 193 विद्यालयों के बच्चों का आंकलन किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी आदित्य ने बताया कि जिले के 193 अशासकीय, केन्द्रीय एवं शासकीय विद्यालयों के बच्चे कल के राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा मे शामिल होंगे। उन्होंने बताया सभी चयनित विद्यालयों के संस्था प्रभारियों को शासन-प्रशासन के निर्देशानुसार आवश्यक तैयारियां करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर तैयारियों का निरीक्षण किया गया है। सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण है। डीईओ ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। जिला मिशन समन्वयक आर.के.देवांगन ने बताया कि स्कूली शिक्षा के स्तर में आवश्यक सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा तीसरी, पांचवीं, आठवीं एवं दसवीं में अध्ययनरत बच्चों की सीखने के स्तर का आंकलन करना है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के अंतर्गत बच्चों का भाषा, गणित, पर्यावरण, सामाजिक अध्ययन एवं विज्ञान विषयों पर आधारित आंकलन किया जाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के कक्षा, स्तर, क्षमता, रुचि एवं लर्निंग ऑउटकम के आधार पर विषय आधारित आंकलन किया जाएगा। पहली बात ओएमआर शीट पर बच्चे परीक्षा देंगे।

जिला नोडल आलोक स्वर्णकार एपीसी एवं भुवनेश्वर पटेल द्वारा राज्य के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के लिए बच्चों का 05 बार मॉक टेस्ट करवाया गया है, जिसमें शुरू के 03 मॉक टेस्ट जिले के सभी स्कूलों में करवाया गया एवं आखरी दो टेस्ट चयनित शालाओं में करवाया गया, ताकि सभी बच्चे सफलता पूर्वक परीक्षा को दे सकेंगे। इस बार ओएमआर सीट भरने एवं प्रश्न हल करने को बेहतर अभ्यास कराया गया है।

कल की परीक्षा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों की परीक्षा प्रातः 10.30 बजे से 12 बजे तक एवं हाई स्कूल के बच्चों की परीक्षा प्रातः 10.30 बजे से 12.30 बजे तक सम्पन्न होगी। बच्चों को पूर्व तैयारी करने के लिए प्रातः 9 बजे तक शाला में उपस्थित होना होगा, इसी तरह फील्ड इंवेसिगेटर, ऑब्जर्वर, संस्था प्रमुख प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं सभी शिक्षकों को जहां केंद्र निर्धारित है। प्रातः 07.30 तक अनिवार्यता संस्था में उपस्थिति देनी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480